## राज्यपाल सचिवालय,
## राजभवन, जयपुर

क्रमांकःप.19(10)राभ/स्टोर/2017/II/1060 दिनांकः 10 फरवरी, 2020

### सीमित निविदा

राजभवन, जयपुर/माउण्ट आबू में कार्यरत वर्दीधारी कर्मचारियों की ग्रीष्मकालीन वर्दी वर्ष 2019–20 के लिये सिलाई कार्य की दरों हेतु सीमित निविदा आमंत्रित की जाती हैं जिसकी अनुमानित लागत राशि रूपये 1,50,000/–(सभी करों सहित ) है। निविदा प्राप्त करने की तिथि दिनांक 17.02.2020 को दोपहर 1.00 बजे तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ बंद लिफाफे में कन्ट्रोलर, राज्यपाल हाउसहोल्ड, राजभवन, जयपुर के नाम प्रस्तुत की जा सकती है। प्राप्त निविदा दिनांक 17.02.2020 को दोपहर 3.00 बजे राजभवन कार्यालय में खोली जावेगी।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्मे दिनांक 10.02.2020 दोपहर 01.00 बजे से बोली दस्तावेज प्रपत्र राजभवन कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं अथवा राजस्थान स्टेट पब्लिक प्रोक्यूरमेन्ट पोर्टल http:/sppp.rajasthan.gov.in अथवा राजभवन की साईट www.rajbhawan.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

संलग्नः उपरोक्तानुसार

कन्ट्रोलर,
राज्यपाल, हाउसहोल्ड
राजभवन, जयपुर

क्रमांकःप.19(10)राभ/स्टोर/2017/II/1061 दिनांकः 10 फरवरी, 2020

प्रतिलिपिः–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. श्रीमान् वित्तीय सलाहकार ,राज्यपाल सचिवालय ,राजभवन, जयपुर।
2 श्री विजय सिंह प्रोग्रामर,राज्यपाल सचिवालय,राजभवन, को राजभवन की साईट www.rajbhawan.rajasthan.gov.in एवं http:/sppp.rajasthan.gov.in पर अपलोड करने हेतु।
3. नोटिस बोर्ड ,कार्यालय
4 रक्षित पत्रावली

कन्ट्रोलर,
राज्यपाल, हाउसहोल्ड
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल सचिवालय
# राजभवन, जयपुर

सचिव,
राज्यपाल, राजस्थान
राजभवन, जयपुर

दिनांक

**विषयः राजभवन वर्दीधारी कर्मचारियों की ग्रीष्मकालीन वर्दी सिलाई वर्ष 2019–20 हेतु दरों बाबत।**

1. फर्म का नाम व डाक का पता, टेलीफोन/माबाईल नम्बर सहित ........................................
   ..........................................................................................................................
2. राज्य सरकार के सम्बन्धित विभाग से वस्तु एवं सेवा आदि का व्यवसाय करने हेतु पंजीयन प्रमाण पत्र की स्वयं द्वारा प्रमाणित प्रति।
3. फर्म का सम्बन्धित वस्तु एवं सेवा आदि का मुख्य रूप से वर्तमान में व्यवसाय करने हेतु प्रमाण पत्र की स्वयं द्वारा प्रमाणित प्रति।
4. आयकर स्थाई खाता संख्या (PAN) की प्रमाणित प्रति संलग्न है।
5. सचिव, राज्यपाल राजस्थान द्वारा जारी की गई सीमित निविदा में वर्णित सभी शर्तो से तथा संलग्न पृष्ठों में दी गई, उक्त निविदा सूचना की अतिरिक्त शर्तो से बाध्यता स्वीकार करते है।
6. राजभवन वर्दीधारी कर्मचारियों की ग्रीष्मकालीन वर्दी सिलाई वर्ष 2019–20 हेतु दरें सीमित बोली प्रपत्र में संलग्न कर दी गई हैं।
7. जी.एस.टी. नम्बर .............................

बिडदाता के हस्ताक्षर मय सील

लेखाधिकारी　　　　कन्ट्रोलर　　　　सहायक सचिव

# राज्यपाल सचिवालय
# राजभवन,जयपुर

## आवश्यक शर्तें

1. राजस्थान लोक उपापन के पारदर्शिता अधिनियम 2012 व नियम 2013 जिसे आगे 'अधिनियम' एवं 'नियम' कहा गया है तथा सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम एवं इससे संबंधित वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना, परिपत्र, गाईडलाईन, आदेश, निर्देश आदि प्रभावी रहेंगे।
2. कार्य की संख्या/मात्रा में कमी/वृद्वि की जा सकती है। किसी न्यूनतम संख्या/मात्रा की गारंटी नहीं दी जायेगी एवं उपाप्त संख्या/मात्रा में कमी या उपाप्त नहीं करने की स्थिति में कोटेशन दाता किसी भी दावे या प्रतिकार का हकदार नहीं होगा। कार्य की मात्रा में वृद्धि होने पर अनुबंधित कोटेशनदाता द्वारा बोली की शर्त, निबंधन एवं दर आदेशित समय एवं स्थान पर उपलब्ध करानी होगी।
3. अनुबंधित/आदेशित कोटेशनदाता द्वारा दर संविदा चालू रहने के दौरान किसी भी समय राज्य में किसी को दर संविदा कीमत से कम दर कार्य की कीमत कोट करता/कम करता है तो उस दर संविदा के अधीन कार्य की कीमत कम करने/कोट करने की तिथि से स्वतः कम हो जायेगी और दर संविदा तद्नुसार संशोधित की जावेगी।
4. कोटेशन दाता अपनी कोटेशन को या उसके किसी सारवान भाग को किसी अन्य ऐजेन्सी के लिये नहीं सौंपेगा या भाडे (Sub-let) पर नहीं देगा।
5. मूल्यांकन की कसौटीः–कोटेशन में सफल फर्म की न्यूनतम कीमत के आधार पर मूल्यांकन किया जावेगा।
6. राजभवन जयपुर के वर्दीधारी कर्मचारियों की ग्रीष्मकालीन वर्दी सिलाई की दरों हेतु अनुमानित मूल्य रू. 1,50,000/–एक लाख पचास हजार (सभी करों सहित) हेतु आमंत्रित की गई है। दरें अनुबंध की अवधि एक वर्ष होगी।
7. कोटेशन दिनांक 17.02.2020 तक मोहर बन्द लिफाफे मे राज्यपाल सचिवालय में प्रस्तुत करनी होगी।
8. राजभवन जयपुर के वर्दीधारी कर्मचारियों की ग्रीष्मकालीन वर्दी सिलाई की दरे **एफ.ओ. आर.राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर** होगी तथा अग्रिम भुगतान की कोई शर्त मान्य नहीं होगी।
9. कोटेशनदाता लिफाफे पर "**वर्दीधारी कर्मचारियों की ग्रीष्मकालीन वर्दी सिलाई दरों हेतु कोटेशन** " अवश्य अंकित करेगा।
10. कोटेशनदाता को अपने कार्यालय/ निवास के दूरभाष नम्बर निविदा मे देने होंगे, ताकि आवश्यक परिस्थितियों में दूरभाष पर सम्पर्क किया जा सके।
11. कोटेशन दरों में कांट –छांट नहीं की जावें।
12. कोटेशन दरे पैन से भरी होनी चाहिये। पैसिल से भरी गयी निविदा को रद्द कर दिया जावेगा।
13. सिलाई कार्य में कोई शिकायत होने पर उपापन समिति द्वारा निर्धारित शास्ति 5 % से 30 % तक है, लगाई जा सकती है।

14. आदेशित कार्य आदेश दिनांक के 30 दिवस में करना होगा। विलम्ब हेतु नियमानुसार शास्ती लगाई जा सकेगी।
15. कोटेशन स्वीकृति एवं अस्वीकृति के सम्बन्ध में सचिव, राज्यपाल, राजस्थान जयपुर का निर्णय अन्तिम व बाध्यकारी होगा।
16. वर्दियों में अशोक चिन्ह युक्त बटन लगाने होंगे, जिसका नमूना कार्यालय में उपस्थित होकर देखा जा सकता है।
17. सभी वर्दियों पर एम्ब्रॉयडरी से सिलाई का वर्ष अंकित करना होगा।
18. सभी वर्दियों में प्रॉपर इन्टरलोकिंग एंव कॉज बटन की क्वालिटी उत्तम होनी चाहिये।
19. वर्दी में प्रयुक्त सामग्री यथा धागे, जिप, फिलिंग, पैड इत्यादि उत्तम क्वालिटी की होनी चाहिये।
20. सभी कार्मिकों का नाप कार्यालय समय में उपस्थित होकर लिया जायेगा एंव नाप के अनुरुप फिटींग दिया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। इस हेतू कच्ची सिलाई उपरान्त ट्रायल कराया जाना है। प्रत्येक कार्मिक का नाप लेते समय मेजरमैन्ट बुक पर उसके हस्ताक्षर कराये जावें एंव बिल के साथ मेजरमैन्ट बुक की प्रति प्रस्तुत की जानी आवश्यक है।
21. प्रयुक्त अस्तर की क्वालिटी उत्तम होनी चाहिये। वर्दी में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता ऐसी होनी चाहिये कि वर्दी की वाशिंग के उपरान्त सिकुड़ कर खराब नहीं होनी चाहिये।

बिडदाता के हस्ताक्षर मय सील

लेखाधिकारी | कन्ट्रोलर | सहायक सचिव

# राज्यपाल सचिवालय
# राजभवन, जयपुर

सचिव,
राज्यपाल, राजस्थान
राजभवन, जयपुर

<u>सीमित बोली प्रपत्र</u>

**राजभवन वर्दीधारी कर्मचारियों की ग्रीष्मकालीन वर्दी सिलाई वर्ष 2019–20 हेतु दरों बाबत।**

बोलीदाता का नामः–.............................................................................................

पताः–..........................................................................................................

| क्र. सं. | समान का विवरण | सिलाई की दरें मय अस्तर कपडा एवं अन्य सामग्री व समस्त करों सहित (रुपये में) |
|---|---|---|
| 1. | जोधपुरी सूट ( टेरीकॉट कपडा ) कोट, पेन्ट, अशोक चिन्ह युक्त बटन मय सूती अस्तर ( 158 सूट ) | |
| 2. | सफारी सूट मय सूती अस्तर ( 30 सूट ) | |
| 3. | पेटीकॉट ( 42 नग ) | |
| 4. | ब्लाउज मय अस्तर ( 28 नग ) | |

दिनाकं ......

बिडदाता के हस्ताक्षर
एवं पूर्ण पता मय फोन नम्बर

लेखाधिकारी    कन्ट्रोलर    सहायक सचिव